


# मतदान में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका अहम : डॉ लक्षमिशा

**चूरू**, (का. सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ लक्षमिशा ने गुरुवार को सरदारशहर विधानसभा सीट के चुनाव को लेकर जिला परिषद सभागार में आयोजित माइक्रो ऑब्जर्वर्स के प्रशिक्षण का अवलोकन किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। सभी अपने-अपने बूथों पर सतर्क, सजग एवं चौकस रहकर कार्य करें एवं मतदान प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन करें। मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार के उल्लंघन अथवा किसी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति की आशंका में तत्काल सीधे संपर्क करें। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हम सभी की प्राथमिकता है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरश: पालना करते हुए अपने दायित्वों का पालन सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रशिक्षण प्रभारी सीईओ पीआर मीणा ने आवश्यक निर्देश प्रदान किए। आशीष शर्मा, सोमेश शर्मा, कमलेश ऐचरा आदि ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सीएलओ दीपक कपिला, एनवाईसी समन्वयक मंगल जाखड़ सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ लक्षमिशा ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर राजकीय पोलीटेक्निक कॉलेज में 8 दिसंबर को होने वाली सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव की मतगणना को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर प्रस्तावित मतगणना कक्षों, स्ट्रॉन्ग रूम आदि का अवलोकन किया और संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंन स्थल पर समुचित बिजली, पानी एवं साफ-सफाई तथा सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ पीआर मीणा, सीएलओ दीपक कपिला, कमिश्नर मघराज डूडी, पोलीटेक्निक कॉलेज के जितेंद्र कुमार, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, एनवाईसी समन्वयक मंगल जाखड़ आदि मौजूद रहे।

## चिड़ावा शहर के वार्ड पांच में मतदान आज

**चिड़ावा**, (नि.सं.)। चिड़ावा शहर के वार्ड पांच में पार्षद प्रभुदयाल सोलंकी के निधन से खाली हुई सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा।

मतदान से पूर्व आखिरी दिन सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जोरशोर से लगे है। चुनाव में दिवंगत पार्षद के चचेरे भाई बाबूलाल सोलंकी चुनाव में खड़े हुए है। वहीं हरिसिंह पंवार, ममता कुमारी, नीतू बसवाला और रामकुमार गोरा भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं । जहां घर - घर जाकर प्रचार करने में प्रत्याशी और उनके समर्थक जुटे हुए है। वहीं सभी प्रत्याशियों के कार्यालयों में भी उनके समर्थक चुनावी गणित में अपने प्रत्याशी को जिताने की जुगत बैठाने में लगे हैं।

वार्ड में कुल वोट 774 वोट हैं। इनमें खटीक समाज के काफी वोटर हैं। वहीं रैगर समाज, मेघवाल, कुम्हार समाज के अलावा मुस्लिम समुदाय के भी वोटर हैं । हालांकि ऐसी संभावना कम ही है कि किसी समाज विशेष के वोट किसी एक ही प्रत्याशी के पक्ष में डाले जाएं। इस स्थिति में चुनाव का परिणाम काफी रोचक रहने वाला है। स्थानीय वाशिंदों के हिसाब से त्रिकोणीय मुकाबला है।

## कांग्रेस सेवादल की बैठक हुई

**सरदारशहर**,(नि.सं.)। चूरू जिला कांग्रेस सेवादल की एक आवश्यक बैठक होटल एसआर.पैलेस में हुई।

पीसीसी उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री डूगरराम गेंदर, सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल, पूर्वमंत्री व राजस्थान सेवादल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निजाम,पीसीसी के सचिव चूरू जिला प्रभारी राजेंद्र मूंड,पालिका अध्यक्ष राजकरण चौधरी सेवादल जिला प्रभारी सुभाष स्वामी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय दीक्षित ने की। बैठक में उपचुनाव में कार्यकर्ताओं को किस तरह से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है सभी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। नसीम अख्तर इंसाफ ने कार्यकर्ताओं को आा ान किया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम अवाम के लिए इतनी जनकल्याण कारी योजना दी है हमें उनका प्रचार लोगो तक करना है।मंत्री डूंगरराम गेदर ने अपने सम्बोधन में सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री - चिरंजीवी योजना पर प्रकाश डाला। सेवादल का कार्यकर्ता काम कर कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा को बडे मार्जिन से चुनाव जितवाएगा। बैठक में जगदीश धनावंशी, शमसुद्दीन खोखर ,ओमप्रकाश नाई, बालेखां चायल, परमेश्वर दुबे, रामलाल मिश्र, तरुण दीक्षित, सोनू नाई सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलश व शोभायात्रा निकाली

**चूरू**, (का. सं.)। ऋषि सेवा समिति की ओर से राघव ऋषि महाराज के मुखारविंद से होने वाली श्रीराम कथा को लेकर जिला मुख्यालय पर गुरुवार को लोहिया मंदिर से कथा स्थल परशुराम भवन तक कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई।

कलश व शोभायात्रा में बडी संख्या में महिला व पुरूषों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। ऋषि सेवा समिति के अनिल कल्याणी ने बताया कि शोभायात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण व राघव ऋषि महाराज बग्गी में सवार होकर श्रद्धालुओं के साथ कथा स्थल पंहुचे। शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राघव ऋषि महाराज ने कथा का महत्व बताया। इस अवसर पर हुकमीचन्द लोहिया, अनिल कल्याणी, राजेश सोनी, राजेश लोहिया, सुशील लोहिया, मुख्य यजमान अजय लोहिया, मुरारी कंदोई, कृष्णकांत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे। यहां कथा के शुभारंभ पर राघव ऋषि महाराज का समिति के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। राघव ऋषि महाराज ने बताया कि रामकथा संसार के समस्त मानव जीवन को सफल सजाने व शुभ आचरण करने का मार्ग प्रशस्त कराती है। अपने धर्म का पल-पल ज्ञान कराते हुए जीवन को जीने की कला रामकथा से ही सम्भव है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा सरस भाषा में समस्त श्रीराम भक्तों को यह अमरकथा के रूप में मिली है। जो चराचर के समस्त जीवों की अन्तरात्मा में निवास करते हैं ऐसे हैं राम। शिवचरित्र का वर्णन करते हुए भी ऋषि ने बताया शिव की शक्ति शिवा के मिलन होना सुनिश्चित है। उमा ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की। जिसके फल स्वरूप भगवान आशुतोष उमा पर प्रसन्न हो उन्हें पति रूप में मिले तभी से भगवान शिव उमापति बनें। शिव भगवान के पावन विवाह झांकी का कथा क्रम में विवाह सम्पन्न कराया गया। आरती में समस्त श्रद्धालु व समिति के पदाधिकारीयों सहित साधकों ने भव्य आरती सम्पन्न की। इस अवसर पर हुक्मीचन्द लोहिया, अनिल कल्याणी, रोजश सोनी, राजेश लोहिया, सुशील लोहिया, मुख्य यजमान अजय लोहिया, मुरारी कन्दौई, कृष्णाकान्त आदि ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

## जैन मुनि जम्मू व धवल का स्वागत

**सादुलपुर**, (नि.सं.)। गांव न्यांगली में बुधवार शाम को आचार्यश्री महाश्रमण के शिष्य मुनि जम्मू कुमार (सरदारशहर) तथा धवल मुनि का स्वागत किया गया।

ज्ञातव्य है कि हरियाणा के तोषाम से पदयात्रा करते हुए मुनी द्वय गुरूवार को गांव न्यांगली पहुंचे तथा उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ के निवास पर रात्रिकालीन प्रवास किया।

इस अवसर पर मुनि जम्मू कुमार ने कहा की पदयात्रा का एक अलग ही महत्व होता है। यदि पदयात्रा अध्यात्म एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए हो तो उसकी अहमियत औऱ बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में सभी साधु-साध्वियां पदयात्रा करते हैं। इसमें तेरापंथ धर्म संघ की परंपरा विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि आज भी तेरापंथ धर्म संघ में आचार्य भिक्षु द्वारा अढाई शताब्दी से भी ज्यादा समय पूर्व स्थापित मर्यादाएं और सिद्धांत कायम है। आचार्य भिक्षु के सिद्धांतों तथा संदेशों की आज बहुत प्रासंगिकता है। जम्बू मुनि।ने कहा कि आचार्य महाश्रमण ने भी देश के लगभग अधिकांश क्षेत्रों सहित नेपाल तक की भी पदयात्रा कर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की स्थापना के लिए संदेश दिए हैं।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़, राजगढ़ के श्याम जैन व कोलकाता प्रवासी हंसराज बैद आदि ने भी मुनि दर्शन का लाभ लिया। गौरतलब है कि मुनिद्वय शनिवार को तारानगर पहुंच जाएंगे, जिनका लक्ष्य पदयात्रा करते हुए चाड़वास पहुंचना है।

## अर्जुनराम मेघवाल वार्ड 5 में पहुंचे

**सरदारशहर**,(नि.सं.)। केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रेगर बस्ती वार्ड नंबर 5० में बाबा खेतादास बगीची मे रैगर समाज के प्रबुद्ध जनों से संवाद किया। बैठक में भामाशाह प्रह्लादराय सराफ, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व विधायक रामसहाय वर्मा, युवा नेता युवराज पींचा, पार्षद राकेश जगरवाल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। उपचुनाव में आने वाली 5 तारीख को अशोक पींचा के समर्थन में मतदान की अपील की गई।

## थानेदार ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया

**सादुलपुर**, (नि.सं.)। स्थानीय मोहता पब्लिक स्कूल राजगढ़ में चार दिवसीय राज्य स्तरीय योगा पूर्व प्रशिक्षण (17 व 19 वर्ष छात्रा तथा 17 वर्ष छात्र) में गुरूवार को दूसरे दिन राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का अवलोकन किया।

थाना अधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित योगासनों की प्रशंसा की व शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्राचार्य एम.पी. त्यागी ने थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्राचार्य त्यागी, उपप्राचार्य इन्द्रसिंह, अदरीस मोहम्मद गहलोत, दयासिंह व अमनमान ने थानाधिकारी बलौदा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक दयासिंह बिजारणिया ने किया।

# राज्यवर्धन राठौड़ ने जन आक्रोश रैली की तैयारियों की जानकारी ली

**सीकर**,(नि.सं.)।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एक दिवसीय दौरे पर गुरूवार को सीकर आए। यहां पर उन्होंने पार्टी की निकाली जाने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों व प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जयपुर बीकानेर बाईपास सांवली चौराहे के पास स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सहित पदाधिकारियों के साथ जिले की सभी आठों विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया और तैयारियों को लेकर जानकारी प्राप्त की।

बैठक में बोलते हुए राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार के चार वर्ष के शासन को लेकर पार्टी जन आक्रोश रैली पूरे राज्य में निकाल रही है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनमानस में भारी आक्रोश है। राज्य सरकार जनता की चिंता छोड़कर केवल कुर्सी की चिंता में लगी रही।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी राज्य सरकार के प्रति आक्रोश को लेकर भाजपा दिसंबर माह में जन आक्रोश रैली के माध्यम से जनता के बीच जाएगी। जिले की सभी आठों विधानसभाओं के सभी मंडल स्तर तक भाजपा के रथ जाएंगे और जनता के दुख दर्द सुने जाएंगे।

जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी ने जन आक्रोश रैली में किये जाने वालों कार्यों को रखते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि पार्टी के इस प्रदेशव्यापी कार्यक्रम को सफलता के साथ पूरे जिले में पूर्ण करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले की सभी आठों विधानसभाओं धोद, लक्ष्मणगढ़, खंडेला, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, दांतारामगढ़, फतेहपुर व सीकर विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ संवाद करते हुए रैली के संपूर्ण कार्यक्रम को रखा।

जिले के प्रभारी दिनेश धाबाई ने पदाधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो तैयारियां शेष रह गई है वह रैली आयोजन से पूर्व पूर्ण कर लें। यात्रा के जिला संयोजक मनोहरलाल सैनी व सह संयोजक डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से कांठोस सरकार की विफलताओं को व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचकर अवगत कराएंगे। बैठकों का संचालन जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा ने किया।

जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र माथुर ने बताया कि बैठक के दौरान दौरान पूर्व मंत्री बंशीधर बाजिया, पूर्व विधायक प्रेमसिंह बाजौर, झाबरसिंह खर्रा, गोरधन वर्मा, रतनलाल जलधारी, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराण रणवां, जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा, जन आक्रोश रैली के जिले के संयोजक मनोहरलाल सैनी, सह संयोजक डॉ. कमल सिखवाल, केडी बाबर, धोद विधानसभा से पूर्व विधायक गोरधन वर्मा, शोभसिंह अनोखू, गोविंदराम बिजारणियां, रणवीर सिंह टाटनवां, मूलचंद रणवां, लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से दिनेश जोशी, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, मनोज बाटड़, खंडेला से बंशीधर बाजिया, राहुल बाजिया, फूलचंद बाजिया, बलदेव सिंह खंडेला, नीमकाथाना से पूर्व विधायक प्रेमसिंह बाजौर, प्रमोद बाजौर, दौलतराम गोयल, श्रीमाधोपुर से पूर्व विधायक झाबरसिंह खर्रा, पूर्णमल गुर्जर, धर्मवीर घोसल्या, डॉ. माधोसिंह, दांतारामगढ़ से प्रभुसिंह शेखावत, ममता मूंडोतिया, हनुमानप्रसाद झाझड़ा, गजानंद कुमावत, फतेहपुर से मधूसुदन भिंडा, रामनिवास सैनी, बजरंग सिंह शेखावत, विनोद महला, सरोज कड़वासरा, सीकर विधानसभा से पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, नवरंग हलवाई, बाबुलाल शर्मा, ताराचंद धायल, अनिता शर्मा, नीलम मिश्रा, राजकुमार जोशी एवं राजेश रोलन, रमेश जलधारी सहित आठों विधानसभाओं के यात्रा संयोजक, सह संयोजक, मंडल अध्यक्ष, प्रधान, चेयरमैन आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बाल हितैषी जागरूकता रथ रवाना

**सीकर**, (नि.सं.)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुरेश कुमार ने गुरुवार को ग्राम पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बाल हितैषी पंचायत अभियान जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुरेश कुमार ने बताया की जिला परिषद सीकर कार्यालय से जागरूकता रथ सीकर जिले की 3 पंचायत समितियों के 16 ग्राम पंचायतों में जाएगा तथा वहां गावों के जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा। सतत विकास लक्ष्य 2030 के अंतर्गत सतत विकास स्थानीयकरण के 9 विषय तय किए गए है जिनमें से एक विषय बाल हितैषी पंचायत भी है। जिसमें बच्चों के मुख्य रूप से 4 अधिकार तय किए गए है जिनमें से जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार और सहभागिता का अधिकार है। राजस्थान में इस जागरूकता रथ को जयपुर से 14 नवंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस दौरान मुख्य आयोजना अधिकारी अरविंद सामौर, सहायक जनसंपर्क अधिकारी राकेश कुमार ढाका सहित कई अधिकारी और मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

**सादुलपुर**, (ओमप्रकाश)। कॉस्मिक चिल्ड्रन एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के खेल मैदान में छात्र-छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन पर्यवेक्षक सुनील श्योराण प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. राजगढ़ ढाणी आशा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमित्रा चौधरी रा.उ.मा.विद्यालय मुण्डा छापर एवं विशिष्ट अतिथि दरियासिंह नेहरा, भगवानाराम पूनियां, राजकुमार जांगिड़, रामनिवास मांगला व संजय छींपी रहे। संस्था निदेशक रमेशचन्द्र ने बताया कि छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर बाल विकास पब्लिक शिक्षण संस्थान दादरसर, द्वितीय स्थान पर रा. महात्मा गांधी उ.मा.वि. सात्यूं व तृतीय स्थान पर सर्वोदय पब्लिक स्कूल राजगढ़ की टीम रही। वहीं छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर टैगोर स्कूल राजगढ़, द्वितीय स्थान पर रा.उ.मा.वि. लखाऊ व तृतीय स्थान पर रा.उ.मा.वि. राजपुरा की टीम रही। आगन्तुक अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### सोपान प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन

**चूरू**, (का. सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ चूरू के पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन समाजसेवी एवं पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने ध्वजारोहण किया एवं स्काउट गाइड को विषम परिस्थितियों में डटे रहने एवं सहयोग की प्रशंसा की। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक निसार अहमद ने स्काउट गाइड को योग का महत्व बताते हुए स्वयं ने बच्चों को योग करके दिखाया। स्काउट सीओ महिपाल सिंह तंवर, स्काउटर मुरलीधर शर्मा, बजरंग पुरी गोस्वामी ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। इस शिविर में दक्ष प्रशिक्षक ओम प्रकाश एवं बीरबल राम, अमीलाल पूरी, किशोर कुमार ढाका, दयानंद बुरड़क, सुनील कुमार शर्मा, कुलदीप सिंह, मोहम्मद शाकिर, सूर्यभान, भंवर पुरी, राजकला, जयश्री शर्मा, मीनाक्षी कस्वां, अंशु, चुन्नी गोस्वामी और सरस्वती मेघवाल ने प्रशिक्षण दिया।

### संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी होगी

**उदयपुरवाटी**, (नि,सं)। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति को लेकर 26 नवंबर संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी एवं जागृति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मीणा छात्रावास टोडी में 12 बजे होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी प्रेम बारूपाल होंगे। अध्यक्षता उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्मा करेंगे। अतिथि जिला प्रभारी बलवर सिंह काला, प्रदेश सचिव सज्जन लाल चूडी, जिला प्रभारी दारा सिंह, मक्खन लाल सैनी, जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र मारीगसर, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चाहर, जिला महासचिव संजय शास्त्री, उदयपुरवाटी विधानसभा प्रभारी नेहरू बाल्मीकि, कुरडाराम रईया होंगे।

### तबस्सुम व मिताली को अवार्ड मिलेगा

**सुजानगढ़**, (नि.स.) ओसवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं का इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड के लिए चयन हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के व्यवस्थापक राजेश सुन्दरिया व प्रधानाचार्य सुकेश पचौरी ने बताया कि सत्र 2011-12 के लिए कक्षा 12 विज्ञान व वाणिज्य वर्ग की छात्रा तबस्सुम चौहान व मिताली फूलफगर का इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार हेतु चयन हुआ है, इसके अंतर्गत छात्राओं को एक लाख रूपये नगद व स्कूटी सरकार द्वारा दी जायेगी। ज्ञात रहे इससे पूर्व भी विद्यालय की दो छात्राओं को उक्त पुरस्कार मिल चुका है। इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरूस्कार के लिए चयनित होने पर अध्यापक राशिद शेख, धीरेंद्र सैनी, जितेंद्र मिश्रा, त्रिदेव तुनगारिया, प्रतीक चोटिया सहित विद्यालय स्टाफ ने दोनो छात्राओं तबस्सुम चौहान व मिताली फूलफगर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हरिप्रकाश सिंवर चूरू जिला प्रभारी बने

**चूरू**, (का. सं.)। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को किसान मोर्चा के जिला प्रभारियों की घोषणा की है। प्रदेश कार्यालय से जारी सूची के अनुसार हरिप्रकाश सिंवर को जिला चूरू का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव ने सूची जारी करते हुए बताया कि प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां व मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां के निर्देशानुसार किसान मोर्चा में नव नियुक्तियां देकर सूची जारी की गई है। जिसमें हनुमानगढ़ जिला निवासी सक्रिय कार्यकर्ता हरिप्रकाश सिंवर को चूरू जिले का प्रभार सौंपा गया है। जिला प्रभारी नियुक्त किए जाने पर सिंवर ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### रावतराम आर्य की पुण्यतिथि आज

**चूरू**, (का. सं.)। चूरू के प्रथम जिला प्रमुख रहे व पांच बार विधायक रहे स्व. रावतराम आर्य की दूसरी पुण्यतिथि पर 25 नवम्बर शुक्रवार को कृषि उपज मंडी के पास स्थित आदर्श छात्रावास में सुबह 11 बजे अनुसूचित जाति समाज संस्थान के तत्वावधान में श्रद्धाजंलि सभा व व्याख्यान माला आयोजित की जाएगी। यहां स्व. रावत राम आर्य के पुत्र व जिला परिषद सदस्य रहे मोहन लाल आर्य ने बताया कि इस संदर्भ में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में चूरू जिले की सभी तहसीलों से सर्व समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

### पुलिस ने कैसीनो पर कार्रवाई की

**सुजानगढ़**, (नि.स.) कोतवाली पुलिस ने घंटाघर के पास स्थित धाडेवाल पोल में चल रहे कैसिनों पर कार्यवाही करते हुए तीन जनों को गिरफ्तार करने के साथ ही 6 कैसिनों मशीनें जब्त की है। सीआई मुकुट बिहारी मीणा ने बताया कि धाडेवाल मार्केट में चल रहे कैसीनों पर सब इंस्पेक्टर दिलीपसिंह ने कार्यवाही करते हुए 6 कैसीनों मशीनें जब्त की तथा मोहम्मद फारुख पुत्र अब्दुल शकूर काजी निवासी जमालपुरा, रफीक छींपा पुत्र सदीक काजी बैद हॉस्पिटल के पीछे व रामवतार पुत्र शंकरलाल पारीक वार्ड 31 सुजानगढ को गिरफ्तार कर आरोपियों से 16 सौ रुपये बरामद किए हैं।

### स्वामी ब्लॉक अध्यक्ष बने

**पाटन**, (नि.सं.)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के जिला अध्यक्ष विजय सिंह तंवर ने केशर की ढाणी पाटन निवासी व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतोड़ा जोहड़ा (पाटन) के शिक्षक शिम्भू दयाल स्वामी को संगठन की जिम्मेदारी देते हुए पाटन ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। शिम्भू दयाल स्वामी की नियुक्ति पर पाटन वाटी क्षेत्र के अनेक कर्मचारी व शिक्षक संगठनों एवं लोगों ने सोशल मीडिया एवं दूरभाष के जरिए बधाई दी है।

## सार-समाचार

### मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया

**चिड़ावा**, (नि.सं.)। नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड पांच में पार्षद के निधन से खाली हुई सीट पर मतदान शुक्रवार को होगा। इसको लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया हैं। आज निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में मतदान दल को चुनाव पूर्व प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन अधिकारी संदीप चौधरी ने निष्पक्ष चुनाव के लिए आचार संहिता और चुनाव नियमावली की जानकारी दी और वोटिंग नियमों के बारे में विस्तार से बताया। निर्वाचन विभाग के सुरेन्द्र कुमार ने मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन के लिए गठित मतदान दल में व्याख्याता राजवीर सिंह, व्याख्याता सुनील कुमार, वरिष्ठ अध्यापक अभय सिंह, शशिकांत शर्मा, विजय कुमार डांगी, अध्यापक राघवेंद्र कृष्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक दीपक पारीक और कनिष्ठ सहायक राजेश कुमार शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम संदीप चौधरी ने बताया की वार्ड पांच के उप चुनाव में निर्वाचन के लिए मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। कॉलेज फील्ड के पास सोलंकी मंदिर में मतदान केंद्र बनाया गया है। यहां सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान ईवीएम मशीन के माध्यम कर सकेंगे। एसडीएम ने निष्पक्ष मतदान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते व जुराब बांटे

**सुजानगढ़**, (नि.स.) सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वाधान में राजा देवी बडजात्या धर्मपत्नी संतोष कुमार बडजात्या पुत्री स्वर्गीय किशनलाल पाटनी, सुजानगढ़, जयपुर निवासी जंवाई मेघालय प्रवासी के सौजन्य से 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, मौजे वितरित किए गए। राजकीय झंवर बालिका उ.मा. विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान मनभरीदेवी मेघवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी ने भामाशाह बडजात्या परिवार व समिति का आभार जताया। समिति अध्यक्ष उषा बगडा, कार्यवायक प्राचार्य संतरा चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णुदत त्रिवेदी, दिगम्बर जैन समाज के उपाध्यक्ष लालचंद बगडा, समिति के सचिव विनीत बगडा, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी, कोषाध्यक्ष महक पाटनी, मंजू देवी बाकलीवाल मंचस्थ थे। समिति के परम संरक्षक कंवरीलाल काला जयपुर, पारसमल बगडा का उल्लेखनीय सहयोग रहा। सुजलांचल विकास मंच समिति के सदस्यों का विद्यालय स्टाफ कार्यवाहक प्रधानाचार्य संतरा चौधरी, हरिप्रसाद टेलर, विकास प्रजापत, रामलाल गुलेरिया, सीताराम मीणा, आसूराम खटीक, निखिल टेलर, पवन शर्मा, कंचन स्वामी, राजकंवर, नीतू जांगिड, मंजू ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बोदूराम शास्त्री ने किया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**चूरू**, (का. सं.)। सोती भवन में 20 नवम्बर से चल रहे पांच दिवसीय मेंटोर टीचर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ खालिद तुगलक थे। इस अवसर पर सीबीईओ खालीद तुगलक ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मेंटोर टीचर इस प्रषिक्षण से जो कुछ सीखते हैं, वे सब नियम व सूत्र अपने विद्यालय में विद्यार्थियों पर लागू करें, जिससे विद्यार्थियों के मानसिक व मनोवैज्ञानिक विकास में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों को खेल-खेल में कहानियों के माध्यम से पढ़ना सिखायें। इससे पूर्व अतिथियों का माल्र्यापण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर तुगलक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मेंटोर टीचर्स के द्वारा बनाये गए टीएलसी चार्ट का भी अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर यूडीसी आबिद खान, केआरपी ज्योति वर्मा, शीतल बत्रा, संतोष चाहर, शशिकला शर्मा, जयसिंह बुडानियां, आरिफ खान आदि ने भी विचार व्यक्त किये। यूडीसी आबिद खान ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### श्रीकृष्ण मन्दिर में चढ़ाया 56 भोग

**चूरू**, (का. सं.)। झारिया मोरी के पास श्रीकृष्ण मन्दिर में भगवान श्रीकृष्ण को श्रद्धालु महिलाओं ने 56 भोग लगाकार भगवान को रिझाया। मन्दिर के पुजारी प्रभुदयाल कुदाल ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालु महिलाओं गायत्री देवी, किरण देवी, राधा देवी, आभा देवी, किरण, पुष्पा देवी, सन्तोष देवी, मन्जू देवी, कमला देवी, सुशीला देवी आदि ने भगवान श्रीकृष्ण के भजनों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। पुजारी प्रभुदयाल कुदाल ने भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाकर आरती की।

### जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**चूरू**, (का. सं.)। सफेद घंटाघर के पास जगमोहन बागला की हवेली में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। यहां पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, अधिवक्ता अणतराम सोनी, समाजसेवी जगमोहन बागला आदि मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ शर्मा राजगुरु ने किया। इस मौके पर व्यापारी शिव कुमार पीथीसरिया, हरी प्रसाद शर्मा, मनोज शर्मा, सुशील शर्मा, अधिवक्ता राहुल सोनी, पंकज चौधरी आदि मौजूद थे। हरलाल सहारण ने जगमोहन बागला का आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल नोहर जिला हनुमानगढ़**

क्रमांक/ः-न.पा.नो/कृ.भू.रू./2022-23/4581 दिनांक 24.11.2022

**लोक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोपाल गोदारा पुत्र श्री घनश्याम गोदारा जाति जाट निवासी ढाणी लाल खां हाल आबाद नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) द्वारा कस्बा नोहर के सैक्टर नम्बर 5 में भूखण्ड संख्या 3 साईज 60X90=5400 वर्गफुट यानी 501.85 वर्गमीटर आवासीय भूमि का चिकित्सकीय उपयोगार्थ संस्थानिक भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु निर्धारित प्रारूप के तहत प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः कस्बा नोहर सैक्टर नम्बर 5 में भूखण्ड संख्या 3 साईज 60X90=5400 वर्गफुट यानी 501.85 वर्गमीटर आवासीय भूमि का चिकित्सकीय उपयोगार्थ संस्थानिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो, तो अपनी लिखित आपत्ति 7 योम में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा प्राप्त पत्रावली में अग्रीम कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित रहे।

(पवन कुमार चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नोहर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, सीकर**

क्रमांकः-LU2012/SIK/2022-23/100180 दिनांकः 03.08.2022

**लोक सूचना**

श्री ARVIND KUMAR पुत्र श्री SHANMAR LAL जाति SAINI निवासी POL FACRORY, NALA KA BALAGI KUDLI SIKAR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नला का बालाजी सीकर (सीकर) | ARVIND KUMAR S/O SHANKAR LAL | 1285 /753 | 814 | 0.0814 |
| | | | | कुल | 0.0814 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति का राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Dovelopment Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03.08.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, सीकर